## खबर संक्षेप

### प्रबल इच्छा शक्ति' से मिलेगी सफलता! नेहरू सेंचुरी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में गूंजा प्रेरक संदेश!

**मैहर।** नेहरू सेंचुरी सेंट्रल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 36वाँ वार्षिकोत्सव समारोह शानदार तरीके से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए प्रबल इच्छा शक्ति जरूरी है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की पूजा-अर्चना से हुआ। विद्यार्थियों ने राई लोकगीत,लघु नाटिका, भांगड़ा, राजस्थानी और गुजराती नृत्यों सहित एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

### विधिक सेवा सप्ताह के तहत निकली बाइक रैली

**कटनी।** जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रातः 10.00 बजे बाइक रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य टोल-फ्री कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100, नागरिकों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत मुफ्त कानूनी सहायता एवं विधिक योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना था। बाइक रैली को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे.पी. चडार और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुमित शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली शहर के मुख्य मार्ग जिला जेल कटनी, झिंझरी चौराहा, कलेक्टर कार्यालय, माधव नगर चौराहा होते हुए सागर पुलिया, मिशन चौक तक पहुंची। बाइक रैली का अंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में ही किया गया। बाइक रैली को प्रभावशाली बनाने के लिए जिला न्यायालय कटनी के कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर, पैनल अधिवक्ताओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल कटनी के अधिवक्ताओं द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## सरकारी खजाने पर हाथ साफ करने वाले को मिली जेल की सलाखें

# 15.78 लाख का 'सरकारी' चूना लगाने वाला जैतवारा का 'गबनबाज' डाकपाल गिरफ्तार

सतना।

सरकारी राशि को अपनी निजी तिजोरी समझने वाले एक भ्रष्ट डाकपाल पर आखिरकार कानून का शिकंजा कस ही गया। जैतवारा उप डाकघर के तत्कालीन डाकपाल बल्देव प्रसाद कोंदर,जिसने जनता के 15,78,750.67 रुपये की शासकीय राशि का बेशर्मी से गबन किया था,उसे पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के कड़े मार्गदर्शन में,थाना जैतवारा पुलिस ने इस गंभीर धोखाधड़ी के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर एक बड़ा संदेश दिया है।यह बड़ा फर्जीवाड़ा 21 जुलाई 2023 को सामने आया था। आरोपी बल्देव प्रसाद कोंदर 37 वर्ष,निवासी ग्राम गढ़ा,थाना गुलगंज, जिला छतरपुर है। फरियादी की शिकायत पर थाना जैतवारा में आरोपी के विरुद्ध धारा 408, 409 भा. दं. वि. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय और उनकी टीम ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए,आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से सीधा जेल वारंट मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया है। जैतवारा पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही में अधिकारियों/कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय थाना प्रभारी जैतवारा,उप निरीक्षक अजय सिंह परिहार,प्र.आर. विकल तिवारी,प्र.आर.शत्रुधन प्रसाद गौतम,प्र.आर.अर्पित कुमारत्रिवेदी,आर.दिलीप,आर.पुष्पेन्द्र, आर.राहुल,आर.ललित पाण्डेय,आर.उपेन्द्र मरावी,और चालक नीतेश गौतम पुलिस टीम में आदि शामिल रहे।




## तालाब में डूबा 42 वर्षीय युवक: घुनवारा में दर्दनाक हादसा



**मैहर।** अमदरा थाना क्षेत्र के घुनवारा में एक भयावह हादसा सामने आया है,जहाँ तालाब में नहाने गए 42 वर्षीय युवक रगीलाल कोल की डूबने से मौत हो गई। गहरे पानी में उतरने के कारण यह दर्दनाक घटना हुई। सूचना मिलते ही अमदरा पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुँची और अथक प्रयासों के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में जनजातीय गौरव दिवस पर प्रतियोगिताएँ आयोजित




सतना।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महा विद्यालय सतना में जनजातीय गौरव दिवस एवं बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा के जीवन-संघर्ष,आदिवासी गौरव और राष्ट्रभक्ति के संदेश को स्मरण किया। प्राचार्यः डॉ.एस.सी.राय (निर्देशन) राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठकः डॉ.क्रांति मिश्रा (मार्गदर्शन)प्रतियोगिता प्रथम स्थान द्वितीय स्थान तृतीय स्थान पोस्टर मोहित कुशवाहा साक्षी भारती शौर्य सिंह निबंध सौम्य दाहिया खुशी सिंह पलक स्वर्णिमा निर्णायक मंडल में डॉ.गरिमा सिंह,डॉ.मनोरमा रैकवार और डॉ.आमना सिंह शामिल थीं।

## प्रदेश के 8 नगर निगमों को 972 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी

### केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने दी मंजूरी

**सतना।** प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में डीजल ईंधन से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये सार्वजनिक परिवहन सेवा में इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रदेश के 8 नगर निगमों में 972 पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी है। यह बसें शीघ्र संचालित हों,इसके लिये नगरीय निकायों द्वारा बस डिपो और चार्जिंग से जुड़े सभी अधोसंरचना कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। प्रदेश में बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये संबंधित नगरीय निकायों को केन्द्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत राशि प्रदाय की जा रही है। इलेक्ट्रिक ट्रिक बसों के संचालन में चार्जिंग पाइंट अधोसंरचना निर्माण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा 100 प्रतिशत राशि प्रदाय की जा रही है।

### नगरीय निकायों में स्वीकृत पीएम ई-बसें

केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने जिन नगर निगमों में ई-बसों की मंजूरी दी है,इनमें भोपाल में 195, इंदौर में 270, ग्वालियर में 100,जबलपुर में 200,उज्जैन में 100,सागर में 32,देवास में 55 और सतना में 20 ई-बसें शामिल हैं। नगरीय निकायों में ई-बस सेवा का संचालन जल्द शुरू हो,इसके लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने संबंधित निकायों को बस डिपो और चार्जिंग स्टेशन से जुड़े अधोसंरचना के सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

## बिरसा मुंडा जयंती पर 60 लाख के कार्यों का लोकार्पण

**एकलव्य विद्यालय की छात्राओं सहित रिया ग्रुप, गोडवानी कला मंच, मनमोहक रंगारंग कार्यक्रमों**

**मैहर।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन वर्ष समारोह मैहर के एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय में भव्य तरीके से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने 60 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को चाबियां सौंपी। कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान एकलव्य विद्यालय की छात्राओं सहित रिया ग्रुप,गोडवानी कला मंच और अन्य समूहों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रमों और आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों,कलाकारों और मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।






## डिप्टी कलेक्टर प्रिया एवं सी.ए. ईशा गोयल अग्रवाल महासभा ने किया सम्मान



**सतना।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा एवं महिला महासभा के तत्वावधान में दिनांक 14 नवंबर,दिन शुक्रवार को होटल स्पार्क,पन्ना रोड,में नव मनोनीत डिप्टी कलेक्टर प्रिया अग्रवाल और सीए ईशा गोयल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रिया अग्रवाल बिरसिंहपुर निवासी नारियल प्रसाद विक्रेता विजय अग्रवाल की सुपुत्री है। इसी तरह भरहुत नगर के सराफा व्यवसायी शोभित रोली गोयल की सुपुत्री है।दोनों को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया,जिन्होंने अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है। मुख्य अतिथि नरेश अग्रवाल (डायरेक्टर,अग्रवाल ट्रेक्टर) रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ.सुनील अग्रवाल,डॉ.राकेश अग्रवाल,सविता अग्रवाल (प्रांतीय महामंत्री),सीताराम रामू (जिला संरक्षक),विष्णु अग्रवाल (जिला अध्यक्ष),सीमा अग्रवाल (महिला जिला अध्यक्ष), अशोक अग्रवाल (नवयुवक मंडल अध्यक्ष) रहे। संचालन जिला महामंत्री संजय अग्रवाल आशीर्वाद द्वारा किया गया।

### स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर को किया गया सीज

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में पराली जलाने की घटनाओ को नियंत्रण के लिए किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बिरसिंहपुर कस्बे में एक कृषक के खेत में पंजाब के हार्वेस्टर संचालक कुलवेंदर सिंह के ऑपरेटर लवली सिंह द्वारा हार्वेस्टर के साथ बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर से खेत में धान की अंधाधुंध कटाई की जा रही थी। नरवाई प्रबंधन के लिए कोई अन्य मशीन बेलर स्लेसर इत्यादि का उपयोग नहीं किया जा रहा था। जिसके कारण संयुक्त अमले ने हार्वेस्टर को थाने में लाकर सीज कर दिया गया। जिले के अन्य हार्वेस्टर संचालक यदि स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम नहीं लगाते हैं या नियम का उल्लंघन करते हैं तो उनके विरूद्ध भी कार्यवाही जायेगी।

### चुनावी रण की तैयारी: BJP का 'मतदाता शुद्धिकरण' महाअभियान

**मैहर।** आगामी चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संगठनात्मक शक्ति झोंक दी है। घंटाघर स्थित होटल सिद्धार्थ इन में मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने शिरकत की। बैठक में संगठन के बीएलओ,बूथ अध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति रही। केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित इस अभियान में पार्टी की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। हर पात्र मतदाता का नाम जोड़ना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाना ही भाजपा संगठन का मुख्य उद्देश्य है।

### माझी समाज की कार्यकारिणी गठित

**सतना।** माझी समाज,प्रधान कार्यालय,कृपालपुर द्वारा अमरपाटन जिला मैहर ईकाई का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष जयकरण केवट,युवा प्रमुख अमित कुमार केवट,वित्त प्रमुख अठाईलाल सिंगरहा सतीश केवट संरक्षक मुरारी लाल सोंधिया एडवोकेट ने संयोजक लवकेश केवट व अध्यक्ष उदयराज वर्मा के आदेशानुसार प्रदान किए। नियुक्ति के बाद सभी पदाधिकारियों ने नादन टोला वार्ड नं.4,अमरपाटन मैहर में महाराज निषादराज जी की आरती की और समाज सेवा का संकल्प लिया। अमरपाटन मैहर ईकाई की अगली निषादराज जी की आरती अगले महीने को होना सुनिश्चित की गई है।

### मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व की जीत: मनीष

**सतना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी मनीष तिवारी ने एनडीए की बिहार चुनाव में बंपर जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनहितैषी कार्यशैली को बताया है। श्री तिवारी ने कहा विगत काफी समय से भाजपा-जदयू गठबंधन सरकार ने बिहार को गरीबी,जातिवाद और आभावों से बाहर निकालकर विकासवादी सोच के साथ आम आदमी के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन करने का काम किया था,जिसका परिणाम आज आये चुनाव परिणाम में देखने को मिला,जिसने कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष का सुपड़ा ही साफ कर दिया।

### रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ, का शपथ ग्रहण समारोह आज

**सतना।** रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ,सतना के नवीन कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह कार्यक्रम रविवार,16 नवंबर को प्रातः 11 बजे विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स,सतना के सभागार में आयोजित होगा। इसकी जानकारी संघ के महामंत्री सचिन जैन (मंटू) ने दी।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढाकर 4225 रुपए जारी

सतना

भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए शनिवार 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए,11 नवंबर को 4056 रुपए,12 नवंबर को 4077 रुपए,13 नवंबर को 4130 रुपए और 14 नवंबर को 4184 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर एकेएस के सह प्राध्यापक डॉ.समित का उत्कृष्ट शोध-प्रस्तुतीकरण



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ.समित कुमार ने 12-13 नवम्बर 2025 को दुबई में आयोजित नर्सिंग और प्रसूति विज्ञान की पाँचवीं अंतरराष्ट्रीय वेब संगोष्ठी में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत कर संस्थान का मान बढ़ाया। उन्होंने मकई के भुट्टे से प्राप्त प्राकृतिक पदार्थ ज़ाइलान से बने जल-स्थिर पदार्थ के निर्माण और उसके गुणधर्मों पर आधारित शोध प्रस्तुत किया। अध्ययन में पाया गया कि ऐक्रेलिक अम्ल और ज़ाइलान के दो-के-एक अनुपात से बना नमूना दवा पहुँचाने के लिए सबसे उपयुक्त है। संरचना की पुष्टि वैज्ञानिक परीक्षणों से की गई और यह निष्कर्ष निकाला गया कि यह पदार्थ विशेष रूप से बृहदान्त्र तक दवा पहुँचाने में प्रभावी हो सकता है। डॉ.कुमार की उपलब्धि पर डीन डॉ. शैलेंद्र यादव,समन्वयक डॉ.दिनेश मिश्रा तथा विभागीय शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

## रीवा में लॉन्च हुआ 10 वाला 'चिक क्विक क्रेम हेयर कलर'

**सतना।** केविनकेयर ने रीवा में अपने नए उत्पाद 'चिक क्विक क्रेम हेयर कलर' को लॉन्च कर हेयर कलर कैटेगरी में कदम रखा है। मात्र 10 में उपलब्ध यह सिंगल-यूज़ क्रेम हेयर कलर केवल 10 मिनट में गहरा और नैचुरल रंग प्रदान करता है। यह तीन शेड्स नेचुरल ब्लैक, नेचुरल ब्राउन और बरगंडी में उपलब्ध है और पूरे प्रदेश की जनरल ट्रेड दुकानों पर आसानी से मिलेगा।

आंवला और भृंगराज से युक्त यह फॉर्मूला बालों को चमकदार और मुलायम फिनिश देता है तथा पारंपरिक पाउडर हेयर कलर की गंदगी और झंझट को दूर करता है। ब्रांड ने टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी को एंबेसडर बनाकर प्रिंट, डिजिटल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 360 मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है। केविनकेयर के बिजनेस हेड रजत नंदा ने कहा कि यह उत्पाद रीवा के उपभोक्ताओं को किफायती और सुविधाजनक हेयर कलरिंग का नया अनुभव देगा।



**राज्य शासन द्वारा घोषित परिहार अवधि का लाभ देते हुए जेल मुख्यालय के आदेश पर**

# बिरसा मुंडा जयंती पर केन्द्रीय जेल से तीन आजीवन बंदी रिहा

सतना।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर केंद्रीय जेल से आजीवन कारावास की सजा काट रहे तीन बंदियों को रिहा कर दिया गया। राज्य शासन द्वारा घोषित परिहार अवधि का लाभ देते हुए जेल मुख्यालय के आदेश पर यह रिहाई 15 नवंबर को पूरी की गई। रिहा किए गए बंदियों में मैहर जिले के अरुण केशरवानी पिता मोहनलाल केशरवानी,जिले के योगेन्द्र सिंह उर्फ सिन्दू पिता लक्ष्मण सिंह और पन्ना जिले के कल्लू उर्फ कलुआ चौधरी पिता मरिया चौधरी शामिल हैं। इन तीनों बंदियों ने अपनी निर्धारित सजा पूरी कर ली थी,जिसके बाद सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर उन्हें मुक्त किया गया। इनमें से योगेन्द्र सिंह ने सजा के दौरान ओपन जेल में रहते हुए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से हिंदी में एमए की डिग्री हासिल की है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भोज विश्वविद्यालय से रामचरित मानस पर डिप्लोमा भी किया है। वर्तमान में,वह एक निजी संस्था में कोचिंग प्रदान कर रहे हैं। रिहाई के समय बंदियों को श्रीफल,आध्यात्मिक प्रेरणा के लिए श्रीमद् भगवद्गीता,पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ एक फलदार पौधा ('एक पेड़ माँ के नाम'), लंच पैकेट,बंदी पारिश्रमिक पासबुक और रिहाई प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने बंदियों को भविष्य में अपराध से दूर रहने,समाज की मुख्यधारा से जुड़ने और सदाचारपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस रिहाई कार्यक्रम में जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, सोनबीर सिंह कुशवाह,जेल चिकित्सक अंशुमान शर्मा,कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहा.जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय,अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून,सहायक जेल अधीक्षक अनिल सिंह सहित अन्य जेल स्टाफ मौजूद रहा।



## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 43 हितग्राहियों का परीक्षण



**देवेंद्रनगर।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़ागांव में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर देवेंद्रनगर के सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शिविर में प्रतिभागियों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एनीमिया जांच पोषण परामर्श तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया बड़ागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रजापति ने उपस्थित लोगों की जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित कीं इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं ने समुदाय को पोषण स्वच्छता टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति जागरूक किया महिलाओं को संतुलित आहार आयरन युक्त भोजन और बच्चों के समय पर टीकाकरण की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया गया डॉ. राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है यह शिविर समुदाय के लिए लाभकारी प्रेरणादायी और जन-जागरूकता बढ़ाने वाला प्रयास सिद्ध हुआ जिससे लोगों में स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई शिविर के सफल आयोजन में ए.एन.एम. गायत्री प्रजापति आशा लक्ष्मी शुक्ला निशा तिवारी रजनी पांडे धर्मेंद्र वर्मा आदि का सराहनीय सहयोग रहा।




# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती



### जनजातीय वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**पन्ना।** भगवान बिरसा मुण्डा ने अल्पायु में ही अपने महान कार्यों की बदौलत महापुरुष का दर्जा हासिल किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में देश की आजादी के आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई। जनजातीय समाज के व्यक्तियों को एकजुट कर समाज सुधार की मुहिम भी शुरू की। यह बात पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को पवई विकासखंड के ग्राम कल्दा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से कही।भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवंबर को इस वर्ष भी विकासखंड मुख्यालयों सहित ग्राम पंचायत स्तर तक उत्साहपूर्वक मनाई गई। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने मुख्य समारोह में उपस्थितजनों को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं और कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कल्दा में मुख्य समारोह का आयोजन सराहनीय पहल है। पहले विकास की मुख्य धारा से अछूता यह क्षेत्र अब तरक्की की ओर अग्रसर है। कल्दा और श्यामगिरी क्षेत्र में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि एवं पन्ना विधायक ने कहा कि झारखंड के खूंटी में जन्में बिरसा मुण्डा कुशाग्र बुद्धि के थे। मिशनरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने आदिवासी समाज के भाइयों के संघर्ष में सहयोग का बीड़ा उठाया और वापस अपने गांव लौटकर समाज के लोगों को कुरीतियों तथा भेदभाव समाप्त करने की दिशा में जागरूक किया। जल, जंगल और जमीन की देखभाल और संरक्षण के संकल्प के साथ जमींदारी प्रथा के विरोध में तथा समाज सुधार आंदोलन का भी नेतृत्व कर चेतना की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों के साथ भगवान बिरसा मुण्डा सर्वसमाज के लिए भी पूज्यनीय हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। पन्ना विधायक ने उपस्थित जनजातीय समाज के जागरूक और शिक्षित लोगों से समाज के वंचित तबके की मदद तथा शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। इस मौके पर बुंदेलखंड की महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ की सफलता का जिक्र भी किया और कहा कि एक बच्चे की सफलता से परिवार और समाज सहित देश व प्रदेश भी गौरवान्वित होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्तमान सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए लाभकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस माह से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मासिक सहायता राशि बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह की गई है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास और आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सुविधाजनक तरीके से सीधे पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि अंतरण के जरिए मिल रहा है। पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व के विकास कार्यों सहित कल्दा-शाहनगर तथा पिपरियादौन-मैहर के प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य की जानकारी भी दी। साथ ही बिजली आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सहित भविष्य में कल्दा को नवीन तहसील बनाने के संबंध में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इसके अलावा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के विस्तार के संबंध में भी अवगत कराया।

स्थानीय विधायक प्रहलाद लोधी ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा सहित लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के एक साथ आयोजन से देश गौरवान्वित है। विधायक ने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। निरंतर जनहितैषी कार्यों से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। आदिवासी समुदाय के विकास व उत्थान सहित शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में अवगत कराया तथा नशामुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। व्यसन और नशामुक्ति के लिए अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित करने की बात कही। पवई विधायक ने कल्दा में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की।

जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र कल्दा में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन क्षेत्रीयजनों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने संसाधनों के बेहतर उपयोग से विकास के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत बताई और रोजगारपरक एवं आजीविका गतिविधियों के माध्यम से मुर्गीपालन सहित अन्य स्वरोजगार से भी आदिवासी समुदाय के सशक्तिकरण का आह्वान किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहिनी मिश्रा ने कहा कि सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से सामाजिक बदलाव के साथ नागरिकों के जीवन में खुशहाली आई है। भगवान बिरसा मुण्डा ने जनजातीय समाज के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अध्यक्ष ने धरती आबा शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के मिले लाभ के बारे में जानकारी दी तथा उपस्थितजनों को स्वयं जागरुक रहकर भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। उपस्थित ग्रामीणजनों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की अपील भी की। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने शैला नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। डिंडौरी से आए कलाकारों के दल द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बिरसा मुण्डा पर केन्द्रित लघु नृत्य नाटिका का प्रदर्शन भी किया गया। छात्रा सुषमा सिंह एवं रागिनी सिंह ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जनजातीय वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों तथा अन्य क्षेत्र में सफल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में गुजरात के नर्मदा जिले में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी कार्यक्रम स्थल पर दिखाया गया। जनजातीय गौरव दिवस के मुख्य कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा सहित कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, जिला संयोजक जय प्रताप भदौरिया, जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूषाम एवं जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय और अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार ने किया, जबकि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# पेंच ने कायम की अनूठी मिसाल, आखिर पन्ना ने अपने संस्थापक बाघों को क्यों भुलाया ?

### पेंच टाइगर रिजर्व में कबाड़ से बनाई गई है दुनिया की सबसे बडी बाघ स्टेच्यू

**पन्ना।** पेंच टाइगर रिजर्व ने कबाड़ से विश्व की सबसे बड़ी टाइगर प्रतिमा का निर्माण कराकर अनूठी मिशाल कायम की है। विगत 12 नवंबर को सिवनी आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका अनावरण किया। लोहे के स्क्रैप मटेरियल से बनी यह प्रतिमा 40 फीट लंबी, 17 फीट 6 इंच ऊंची और 8 फीट चौड़ी है। पेंच टाइगर रिजर्व के खवासा पर्यटन परिसर में बनाई गई टाइगर की प्रतिमा को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने की कवायद भी शुरु हो गई है। पेंच की तर्ज पर पन्ना को भी अपने संस्थापक बाघों के सम्मान में उनकी स्मृतियों को कायम रखने के लिए रचनात्मक पहल करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि म.प्र. के पन्ना टाइगर रिजर्व ने देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बाघ पुनर्स्थापना योजना को यहाँ मिली चमत्कारिक सफलता से पन्ना विश्व गुरु के रूप में अपने को स्थापित करने में कामयाब हुआ है। बीते 15 सालों में यहां जो कुछ हुआ उसे देखकर दुनिया भर के वन्य जीव प्रेमी उत्साहित और हतप्रभ हैं। एक ऐसा वन क्षेत्र जो वर्ष 2009 में बाघ विहीन हो गया था वहां 15 साल में ही सौ से भी अधिक बाघ हैं। यहाँ घटित बाघ पुनर्स्थापना की अनूठी कामयाबी की प्रेरणादायी स्मृतियों को तरोताजा करने के लिये पार्क प्रबंधन ने अभी तक ऐसा कुछ नहीं किया जिससे पन्ना में घटित चमत्कार को आने वाली पीढ़ियां याद रखें तथा उससे प्रेरणा लें। बाघ पुर्नस्थापना के लिए पन्ना टाइगर रिजर्व विश्व स्तर पर सफलता का मानक बन चुका है। यही वजह है कि दुनिया भर से लोग पन्ना आकर बाघों को फिर से आबाद करने के गुर सीखना चाहते हैं। बाघ पुर्नस्थापना योजना को यहां पर जिस तरह से शानदार सफलता मिली है, उसे द्रष्टिगत रखते हुए पन्ना में ग्लोबल टाइगर लर्निंग सेन्टर की स्थापना होनी चाहिए। यदि यहां पर टाइगर लर्निंग सेन्टर की स्थापना हो जाती है तो पूरी दुनिया के लोग यहां बाघों के संरक्षण व पुर्नस्थापना का पाठ सीखने के लिए आयेंगे, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ - साथ स्थानीय कम्युनिटी को भी लाभ मिलेगा। पन्ना की सफलता पूरे विश्व में उत्कृष्ट श्रेणी का है, जहां सभी पुर्नस्थापित बाघिनों का सफलतम प्रजनन हुआ है। पन्ना में न सिर्फ पुर्नस्थापित बाघों ने सफलता पूर्वक प्रजनन कर वंशवृद्धि की है, अपितु दो अर्द्ध जंगली बाघिनों को भी यहां जंगली बनाने में सफलता मिली है। इन दोनों ही बाघिनों ने जंगली बनकर शावकों को जन्म भी दिया है। पन्ना में बाघ पुर्नस्थापना की कामयाबी के शिल्पी रहे तत्कालीन क्षेत्र संचालक आर.श्रीनिवास मूर्ति ने पेंच टाइगर रिजर्व के अभिनव पहल को न सिर्फ सराहा है अपितु पन्ना को भी इससे प्रेरणा लेने की सलाह दी है। उन्होंने पीटीआर प्रबंधन से अनुरोध किया है कि पन्ना के सभी संस्थापक बाघों के लिए सकारात्मक अभिनव पहल हो, जिसमें प्रतिमा का निर्माण भी शामिल है। पन्ना टाइगर रिज़र्व को आज इस मुकाम तक लाने में सात संस्थापक बाघों का अहम् योगदान है। उनके इस योगदान को यादगार बनाया जाना चाहिए। पन्ना के संस्थापक बाघों में टी1 से टी7 तक सभी नर व मादा बाघ हैं। टी1, टी2 और टी6 मादा बाघ हैं, टी4 और टी5 अर्द्धजंगली बाघिनें थीं जिन्हे जंगली बनाया गया जबकि टी3 और टी7 नर बाघ हैं। श्री मूर्ति कहते हैं कि अपने संस्थापक बाघों के सम्मान में हम भी कुछ अभिनव पहल करें क्योंकि हम पहले ही देर कर चुके हैं।





### सरस्वती विद्यालय में शीतकालीन खेलकूद एवं योगाभ्यास का शुभारंभ

**पन्ना ।** सरस्वती शिक्षा परिषद एवं विद्या भारती के निर्देशानुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर में शीतकालीन दैनिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भैया-बहनों द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, समता अभ्यास, सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास का सत्र प्रारंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री पूरन सिंह राजपूत ने बताया कि इस वर्ष बारिश अधिक होने के कारण शीतकालीन खेलकूद कार्यक्रम में कुछ विलंब हुआ, परंतु अब पूरे उत्साह के साथ यह प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि "विद्यालय में कक्षा शिशु से लेकर बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को उनकी आयु, क्षमता एवं रुचि के अनुसार विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित कर सकें।" उन्होंने आगे बताया कि विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, विधिवत प्रशिक्षण एवं टीम भावना के साथ तैयार किया जा रहा है, ताकि वे जिला, संभागीय एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। आज के सत्र में भैया-बहनों ने विभिन्न खेलों की प्रैक्टिस, योगासन तथा सूर्य नमस्कार का सामूहिक प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में एकरूपता, अनुशासन और खेल भावना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

# सायबर ठगी (सेक्सटॉर्शन) के मामले में फरार आरोपी को भरतपुर (राजस्थान) से किया गया गिरफ्तार

### आरोपियों द्वारा फरियादी का अश्लील वीडियो बनाकर ठगे गए थे लगभग 10 लाख 80 हजार रुपये



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में पंजीबद्ध विभिन्न गंभीर अपराधों के फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष निर्देश दिए गए हैं। साथ हि ऐसे आरोपियों पर 05-05 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। इन्हीं निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विशेष टीमें गठित कर फरार आरोपियों की धरपकड़ लगातार की जा रही है। इसी तारतम्य मे थाना गुनौर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 14/23, जिसमे आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर फरियादी का अश्लील वीडियो बनाकर फरियादी से 10 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की गई थी।

उक्त मामले में पूर्व में 02 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि 03 आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी। गुनौर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों की लगातार तलाश एवं पतारसी की जा रही थी। जांच के दौरान सायबर सेल पन्ना से तकनीकी सहायता प्राप्त की गई। तकनीकी इनपुट एवं मुखबिर सूचना के आधार पर टीम को जानकारी मिली कि मामले का एक फरार आरोपी साजिद खान वर्तमान में पहाड़ी, जिला भरतपुर (राजस्थान) में रह रहा है। तत्पश्चात, गुनौर थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम राजस्थान रवाना हुई जहां दबिश देकर आरोपी साजिद खान को भरतपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को विधिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय पेश किया गया। उक्त प्रकरण मे फरार 02 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी–**
साजिद खान पिता सूबेदार खान निवासी कन्हौर थाना पहाड़ी जिला भरतपुर राजस्थान।

**सराहनीय योगदान–**
थाना प्रभारी गुनौर निरी. माधवी अग्निहोत्री, प्र.आर. मनीष कश्यप , मुकेश शर्मा आर. शिवेन्द्र सिंह, श्यामसुंदर एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# मनहर महिला समिति का लंबे विवादों के बाद निर्वाचन 1 दिसंबर को, महिलाओं में उत्साह की लहर

**पन्ना।** शहर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था मनहर महिला समिति, जो कई वर्षों से आंतरिक विवादों और कानूनी उलझनों में फंसी रही है, आखिरकार निर्वाचन की राह पर अग्रसर हो गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पन्ना संजय नागवंसी द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, समिति के सदस्यों का नाम निर्देशन, निर्वाचन और मतगणना का पूरा कार्यक्रम 1 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह निर्वाचन समिति के 3 वर्षीय कार्यकाल की अनिवार्यता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय महिलाओं में खुशी और उत्साह की भावना जागृत हो रही है।आदेश के अनुसार, निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। सुबह 10 से 11 बजे तक नाम निर्देशन प्राप्त करना।सुबह 11 से 11:30 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा। सुबह 11:30 से दोपहर 12 बजे तक नाम वापसी। दोपहर 12 से 1 बजे तक निर्वाचन कराने की दशा में तैयारी। दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक मतदान।शाम 4:30 से 5 बजे तक परिणामों की घोषणा होगी। यह निर्वाचन सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण नियम 1998 के नियम 12 के तहत आयोजित किया जा रहा है। निर्वाचन स्थल मनहर महिला समिति प्रांगण, पुराना स्टेट बैंक सब्जी मंडी के पास, पन्ना में रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसाइटी सागर संभाग से प्राप्त सूची दिनांक 25.07.2014 के आधार पर ही सदस्यों के नाम अंकित होंगे, और निर्धारित समय एवं स्थान पर पहचान के दस्तावेज उपस्थित होने अनिवार्य हैं।




**मनहर महिला समिति का रहा विवादों का लंबा इतिहास-**
मनहर महिला समिति विगत कई वर्षों से विवादों की केंद्रबिंदु रही है। नियमों के अनुसार, समिति का चुनाव हर 3 वर्ष में अनिवार्य है, लेकिन वर्ष 2014 के बाद से विवादों के कारण 3 वर्ष में निर्वाचन नहीं हो सका फिर वर्ष 2019 में ही चुनाव संपन्न हो सके। इसके बाद आंतरिक कलह, कानूनी विवाद और प्रशासनिक अड़चनों के कारण वर्षों तक निर्वाचन प्रक्रिया ठप पड़ी रही। कलेक्टर पन्ना के आदेश क्रमांक 325/स्था0नि0/2025 दिनांक 24.10.2025 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था, जो अब फलीभूत हो रहा है।स्थानीय महिलाओं का कहना है कि लंबे इंतजार के बाद हो रहा यह चुनाव न केवल समिति को नई दिशा देगा, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक कार्यों को गति प्रदान करेगा। कई सदस्यों ने खुशी जताते हुए कहा कि विवादों के कारण समिति की गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं, अब नई टीम के साथ बेहतर कार्य संभव होंगे।निर्वाचन अधिकारी (राजस्व) संजय कुमार नागवंशी ने सभी पात्र सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। यह आयोजन जिला प्रशासन की सतर्कता का प्रमाण है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में एक मिसाल कायम करेगा।

# प्यारो मध्य प्रदेश गीत की शूटिंग: स्थानीय कलाकारों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



**पन्ना।** एसएमडब्ल्यू मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले "प्यारो मध्यप्रदेश" नामक राज्य-समर्पित गीत की शूटिंग पन्ना शहर में सम्पन्न हुई। इस गीत में पन्ना जिले के स्थानीय कलाकारों मोना धामी एवं उनकी टीम (मोली धामी, रक्षा धामी, अक्षरा धामी, माही धामी, नंदिका धामी, शुभी धामी, महक मिश्रा एवं मेघा विश्वकर्मा को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच और प्रोत्साहन मिला है। पन्ना के स्थानीय कलाकारों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। गीत के गीतकार एवं संगीत निर्देशक श्री एसआर डेहरिया हैं। गीत को अपनी मनमोहक आवाज दी है भोपाल की प्लेबैक सिंगर आकृति मेहरा ने इस परियोजना का निर्देशन मुंबई के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक नीतेश तिवारी द्वारा किया गया है। "प्यारो मध्यप्रदेश" गीत मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और जन-भावनाओं को अभिव्यक्त करता है।

### गीत के माध्यम से हर नागरिक अपने प्रदेश पर गर्व महसूस करेंगे

श्री डेहरिया ने कहा, "यह गीत हमारे मध्यप्रदेश की आत्मा और गौरव को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करता है। हमने कोशिश की है कि इस गीत के माध्यम से हर नागरिक अपने प्रदेश पर गर्व महसूस करे।"गीत की शूटिंग पन्ना के प्रमुख स्थलों श्री प्राणनाथ जी मंदिर, श्री बलदेव जी मंदिर, धर्म सागर तालाब एवं स्थानों पर की गई, जिनमें शहर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक सुंदरता को विशेष रूप से दर्शाया गया है। एसएमडब्ल्यू मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ने बताया कि यह गीत शीघ्र ही विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज़ किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## मयंका चौरसिया का डीएसपी पद पर चयन, चौरसिया समाज ने किया भव्य सम्मान



**छतरपुर।** चौरसिया समाज की होनहार बेटी मयंका चौरसिया के डीएसपी पद पर चयन होने पर समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी खुशी और गर्व को व्यक्त करते हुए समाजजनों ने संस्कार वाटिका में उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज, पुष्प वर्षा और पारंपरिक अंदाज़ में स्वागत ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मयंका चौरसिया को पुष्प गुच्छ, शॉल, श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। चौरसिया समाज की मातृशक्ति ने भी मंच पर आकर मयंका का अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया, माणिक चौरसिया, अमरदीप चौरसिया, रनछौर चौरसिया सहित समाज के सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मयंका की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने मयंका को आगे की सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे अपने प्रदेश का नाम और भी ऊँचा करेंगी।

## बकरियां चराने गए चरवाहे पर तेंदुए ने किया हमला



**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के घिनौची जंगलों में एक चरवाहे पर तेंदुए द्वारा हमला किए जाने की घटना सामने आई है। घायल चरवाहे को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल चरवाहे की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम रजपुरा निवासी दीनदयाल यादव घिनौंची पहाड़ पर दूल्हादेव के पास बकरियां चरा रहा था तभी उसकी एक बकरी को तेंदुए ने दबोच लिया। जब दीनदयाल ने बकरी को बचाने का प्रयास किया तो तेंदुए ने बकरी को छोड़कर उस पर हमला कर दिया। तेंदुए का पंजा चेहरे पर लगने से दीनदयाल बुरी तरह घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने उसे घायल अवस्था में बड़ामलहरा पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है।

## ओम सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में लगाया गया बाल मेला

**छतरपुर।** ओम सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल चेतगिरी कॉलोनी स्थित विद्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय के पूर्व छात्र व जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा राजू यादव, विद्यालय संचालक आशुतोष अरजरिया व विद्यालय प्राचार्य सुश्री रिंकी मिश्रा के द्वारा मां सरस्वती व स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पुष्पेंद्र सिंह परिहार, मधुर यादव द्वारा मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर व शाल श्रीफल देकर विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। एवं मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्र /छात्राओं को बालदिवस की बधाई दी गई। एवं अतिथियों द्वारा मेले में घूमकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय संचालक आशुतोष अरजरिया ने बताया कि 36 वे बालदिवस का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी।

# किशनगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम जनजातीय गौरव दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया

### भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्षों से भरा रहा, सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही : दिलीप अहिरवार

### वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ





छतरपुर।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में छतरपुर जिले के बिजावर विकासखंड के किशनगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन के साथ किया गया। साथ ही राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‌ का सामूहिक गायन किया गया।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्षों से भरा रहा। सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज शिक्षा के दौर में आदिवासियों के जीवन को बदलने का काम सरकार ने किया है। कई अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय आज उच्च स्थान पर है। उन्होंने सभी से भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी एवं उनके संघर्षों को पढ़ने की अपील की।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्षों का वर्णन किया। उन्होंने जनजातीय समुदाय को एकत्रित कर स्वतंत्रता संग्राम में अलख जगाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुजरात से राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं जबलपुर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया एवं सुनाया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, उपसंचालक कृषि डॉक्टर आरके. सिंह, एसडीएम विजय द्विवेदी, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मनोज. कुमार अहिरवार, जनपद सीईओ विजावर अंजना नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी स्कूली बच्चे एवं जनसमुदाय उपस्थित रहा।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, हितग्राही हुए लाभान्वित -

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर छात्रावासों में आयोजित निबंध, दौड़ प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 10वीं एवं 12वीं के प्रदेश एवं स्थानीय स्तर के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इसके अलावा आदिवासी वर्ग से स्थानीय जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्य मुन्नीबाई आदिवासी, सरपंच मतीपूरा अम्मू आदिवासी को भी सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत वृद्धजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया और महिला बाल विकास के लाड़ली लक्ष्मी योजना में एवं मातृ वंदना योजना में 4 हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए।

### स्टॉल एवं योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी

अतिथियों द्वारा जनजातियों गौरव दिवस पर विभिन्न विभागों एवं स्वसहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, कृषि विभाग की प्राकृतिक खेती का आधार एवं नरवाई प्रबंधन, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं के प्रचार, जनजातीय कार्य विभाग की बुंदेली व्यंजनों की प्रदर्शनी, जनजातीय वर्ग को निःशुल्क स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की प्रदर्शनी, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, नशा मुक्त अभियान का प्रचार, महिला बाल विकास की पीएम सूर्य मातृ वंदना योजना, सीएम बाल आशीर्वाद योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का प्रचार, आजीविका मिशन की कृषि उपज केंद्र की प्रदर्शनी लगाई गई।

### पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 518 अ.ज.जा के हितग्राहियों का गृह प्रवेश

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर अनुसूचित जनजाति के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 518 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनमें जनपद पंचायत बड़ामलहरा में 85, बिजावर में 170, बकस्वाहा में 103, छतरपुर में 60, लवकुशनगर में 11, नौगांव में 06 एवं राजनगर में 83 हितग्राही शामिल हैं। इसमें 15 सितम्बर 2024 के बाद पूर्ण हुए आवासों को शामिल किया गया है।



## यूनिटी मार्च में केंद्रीय मंत्री ने दिया एकता का संदेश

छतरपुर।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य यूनिट मार्च निकाला गया, जिसका नेतृत्व केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने किया। मार्च का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता के संदेश को समाज तक पहुँचाना रहा।

यूनिटी मार्च में लगभग चार सैकड़ा स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा और पटेल के चित्र लिए हुए बच्चों में देशभक्ति और उत्साह का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। शिक्षक, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यूनिट मार्च की शुरुआत शहर की चौपाटी से हुई। इसके बाद गांधी चौक, बाजार बस स्टैंड और खड़े हनुमान जी मंदिर मार्ग से होते हुए पुनः चौपाटी पर पहुँचा, जहाँ इसका समापन किया गया। पूरे मार्ग में बच्चों ने एकता में शक्ति है और सरदार पटेल अमर रहें जैसे नारे लगाकर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। समापन अवसर पर मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक धागे में पिरोकर भारत की एकता को मजबूत किया। आज का यह आयोजन नई पीढ़ी को उनके विचारों और देशहित की प्रेरणा से जोडऩे का प्रयास है। इस एकता मार्च ने पूरे शहर में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हुए सरदार पटेल के योगदान को यादगार रूप से स्मरण कराया।

# पुलिस ने 6 किलो गांजा सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

छतरपुर।

**पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। छतरपुर पुलिस द्वारा विगत महीनों में एनडीपीएस में 90 प्रकरण एवं आबकारी में 2200 से अधिक प्रकरण दर्ज किये गए हैं।**



थाना ओरछा रोड पुलिस को विगत दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम कैंड़ी फोरलेन ब्रिज यात्री प्रतीक्षालय में अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा। विधिवत तलाशी लेने पर उनके बैग में 6 पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले 6 किलो गांजे की कीमत लगभग 90 हजार रूपए से अधिक बताई है।

अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्कर रामजी पाल पिता कुट्टू पाल निवासी ग्राम अगरा थाना सटई, देवी दीन साहू तथा मोहनलाल साहू निवासी वार्ड क्रमांक 8 बड़ा मलहरा को गिरफ्तार कर थाना ओरछा रोड में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बिजावर डीएसपी (पी) हर्ष राठौर, थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, उप.निरी. हिरण्य कुमार द्विवेदी, उप.निरी. वीरेन्द्र परस्ते, सउनि. रामकुमार मिश्रा, सउनि.अंजनी वर्मा, प्र.आर.राजू, प्र.आर. हितेन्द्र दुबे, प्र.आर. धनंजय सिंह, प्र.आर. राकेश बाल्मिक, आरक्षक भूपेन्द्र यादव, सुरेन्द्र तिवारी , आर. भगवानदास अहिरवार, रविन्द्र यादव, प्रशांत, धीरेन्द्र, धर्मेन्द्र की भूमिका रही।

## परिवार केवल रक्त का संबंध नहीं, बल्कि संस्कारों का मिलन है-ब्रह्माकुमारीज



छतरपुर।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय किशोर सागर पर बाल दिवस के अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा दीदी के मार्गदर्शन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें एक ओर अनुभव की गहराई के लिए दादा दादी और वही दूसरी ओर उमंग उत्साह से भरे पोता पोतियां सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए बीके कल्पना ने कहा कि हमारे प्रिय चाचा नेहरू सदा कहा करते थे कि बच्चे बगीचे के फूल होते हैं जिन्हें प्रेम स्नेह से संवारना चाहिए क्योंकि वही राष्ट्र का भविष्य है। लेकिन आज हमारे राष्ट्र का भविष्य जिस दिशा में जा रहा है वह बड़ी चिंता का विषय है। आज उनको प्रेम स्नेह से संवारने वाले हाथ उनके सिर तक भी नहीं पहुंच पा रहे क्योंकि बच्चे अपने बड़े बुजुर्गों के पास बैठना और खेलना पसंद नहीं करते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ब्रह्माकुमारीज़ ने बाल दिवस को एक नया रूप प्रदान किया और बच्चों के प्रतिभा विकास में दादा- दादी, नाना -नानी के योगदान को समझाने के लिए तीनों पीढिय़ों को एकजुट किया ताकि बच्चे अपने बड़े बुजुर्गों के महत्व को समझ सकें। बीके रीना ने अपनी संबोधन में कहा कि यह संगम केवल परिवार का नहीं बल्कि दो पीढिय़ों का मिलन है, दादी, दादा परिवार की जड़ है, तो पोता पोतीं जड़ से जुड़े हुए वह नन्हे फूल हैं जिनको खिलने के लिए जड़ से जुड़े रहने की आवश्यकता होती है क्योंकि उसी फूल का भविष्य सुनहरा होता है जो सदैव जड़ से जुड़े रहते हैं। इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने अपने दादा-दादी जी के लिए और उनके साथ मिलकर अनेक पुराने गीतों पर डांस किया वहीं दूसरी ओर गुलाब का फूल देकर उनका सम्मान किया और दादा-दादी ने बच्चों को टाँफियां गिफ्ट कीं। ब्रह्माकुमारी बहनों के मार्गदर्शन पर सत्यशोधन आश्रम के बच्चों द्वारा एक शिक्षाप्रद नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गईं साथ ही एक डांस एक्टिविटी की गई वहीं दूसरी ओर 9 साल की बच्ची राधिका सोनी ने बहुत सुंदर भजनों का गायन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुरेंद्र सिंह परिहार के द्वारा किया गया और उन्होंने बच्चों को डिजिटल डिटॉक्स के बारे में बताया साथ ही बड़ों की सानिध्य में रहने का महत्व समझाया। इस कार्यक्रम में सत्यशोधन आश्रम संचालक देवेंद्र भंडारी एक्सीलेंस स्कूल पूर्व प्राचार्य इसके उपाध्याय समाजसेवी शंकर लाल सोनी, वृद्ध आश्रम संचालिका प्रभा विदु उपस्थित रहीं।

## एक साथ 11 कन्याओं के घर बसेंगे, द्वितीय सनातनी सामूहिक विवाह आज

**छतरपुर।** शहर के बस स्टैंड क्रमांक 2 पर संचालित जन सहयोग रसोई द्वारा द्वितीय सनातनी सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन 16 नवंबर को सुबह 9 बजे से सर्किट हाउस तिराहा स्थित शहनाई गार्डन में किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष केशव चौधरी के अनुसार सामूहिक विवाह महायज्ञ में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 11 कन्याओं के विवाह वैदिक रीति रिवाज के साथ पूरी धूमधाम से कराए जाएंगे। इतना ही नहीं वर और वधू पक्ष के लिए स्वादिष्ट भोजन और विदाई में वधू को घर गृहस्थी चलने के लिए सभी आवश्यक सामग्री उपहार में भेंट की जाएगी। समिति द्वारा इसके पहले वर्ष 2024 में भी 10 कन्याओं के विवाह कराए जा चुके हैं। इस साल यह दूसरा आयोजन किया जा रहा है जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। नवविवाहित जोड़ों को जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी आदि सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान करने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे।

## अंतरा मिश्रा बनीं मिस फ्रेशर, पुष्पेंद्र को मिला मिस्टर फ्रेशर का खिताब

### इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**छतरपुर।** शहर के पं. देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। छात्राओं ने डांस और कैटवॉक में शानदार प्रदर्शन किया। कंप्यूटर साइंस की अंतरा साहू को मिस फ्रेशर एवं सिविल ब्रांच के पुष्पेंद्र पाल को मिस्टर फ्रेशर का खिताब मिला, जबकि मधु सिंह और सृष्टि दुबे क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। मिस्टर फ्रेशर की प्रतियोगिता में तनिष्क मिश्रा एवं शिवांश यादव क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने डांस, शायरी, गाना आदि की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ दीक्षित, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शशांक दीक्षित, फार्मेसी के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ जैन, प्राचार्य डॉ. मेघना मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मिस फ्रेशर प्रतियोगिता के पहले राउंड में प्रतिभागियों ने कैटवॉक किया जबकि दूसरे राउंड में नृत्य प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। तीसरे राउंड में छात्राओं को टास्क देकर डायलॉग बोलने को कहा गया साथ ही गेम्स एवं क्विज कराए गए। वहीं फाइनल राउंड में चयनित छात्र-छात्राओं से मैनेजमेंट एवं प्राचार्य द्वारा सामान्य ज्ञान एवं सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रदर्शन के आधार पर मिस फ्रेशर एवं मिस्टर फ्रेशर चुने गए। विजेता को क्राउन व मिस फ्रेशर सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एकेडमिक डीन अजीत शर्मा, एडमिनिस्ट्रेशन डीन अनिल वर्मा सहित कॉलेज स्टाफ और छात्र मौजूद रहे। कॉलेज चेयरमैन अशोक दीक्षित एवं सचिव श्रीमती सरोज जैन ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम कल्चरल हेड श्रीमती सविता मिश्रा की देख रेख में किया गया।

# परिवार के लोगों ने युवक के साथ मारपीट कर छीना मोबाइल



**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुरा के रहने वाले एक युवक ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देते हुए परिवार के कुछ लोगों पर मारपीट और मोबाइल छीनने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित कन्हैया कुशवाहा ने बताया कि परिवार का जानकी कुशवाहा, कुरे कुशवाहा, गणेशा कुशवाहा, सुट्टू कुशवाहा उसकी जमीन पर कब्जा किए हैं। 5 नवंबर को उक्त लोगों ने उसका रास्ता रोककर पहले मारपीट की और इसके बाद मोबाइल छीनकर भाग गए। कन्हैया के मुताबिक उसने गुलगंज थाने में शिकायत की थी लेकिन अभी तक पुलिस ने कार्यवाही नहीं की है। कन्हैया ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम Union Bank of India A Government of India Undertaking

**आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर**
क्षेत्रीय कार्यालय - रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर - 482001
मो.- 9326079130 ई-मेल: arb.jabalpur@unionbankofindia.bank

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विषेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को "जहां है जैसा है" और "जो कुंछ भी है" के आधार पर दिनांक 30.12.2025, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र. | ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम | संपत्ति का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मुल्य / धरोहर राशि / बिड़ वृद्धि राशि | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता: 1) मेसर्स आदित्य एंटरप्राइजेज मालिक: प्रणव पाठक पुत्र श्री कौशलेन्द्र पाठक पता- ग्राम-सुपेला पोस्ट-जियावन, तहसील-देवसर, सिंगरौली, मप्र-486881 | प्रणव पाठक पुत्र श्री कौशलेंद्र पाठक के नाम पर भूमि का पूरा टुकड़ा, ग्राम हर्रा चंदेल, पुलिस चौकी संख्या 21, तहसील देवसर, जिला सिंगरौली, मध्य प्रदेश में स्थित है। मूल खसरा संख्या 30, रकवा 0.070 हेक्टेयर या 700 वर्ग मीटर। सीमाएँ: उत्तर- राष्ट्रीय राजमार्ग देवसर रीवा, दक्षिण- लखपति साकेत भूमि, पूर्व- बाबूराम यादव भूमि, पश्चिम- मुनेंद्र द्विवेदी एवं अन्य भूमि। | Rs. 44,64,788.69 with further Interest, cost & expenses | Rs. 25,72,000/- / Rs. 2,57,200/- / Rs. 25,720/- | Shashi Prakash 9326079130 |

विक्रय से संबंधित और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com and https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx
स्थान: सिंगरौली दिनांक: 16.11.2025
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: श्री शशि प्रकाश - 9326079130
प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## खबर संक्षेप

### डीएलसीसी की बैठक 19 नवम्बर को

**रीवा ।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 19 नवम्बर को कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने अपरान्ह 4 बजे से आयोजित बैठक में संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर केन्द्रीय जेल से एक बंदी को किया गया रिहा



**रीवा ।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को मनाई गई। शासन के निर्देशों के अनुसार बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती से हर वर्ष अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावास के बंदियों को जेल से रिहा करने की शुरूआत की गई है। भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर केन्द्रीय जेल रीवा से आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बंदी को समय से पूर्व रिहा किया गया है। जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय जेल रीवा के अच्छे आचरण वाले बंदियों की रिहाई का प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति के समक्ष रखा गया था। समिति द्वारा की गई अनुशंसा पर राज्य शासन से सजा में छूट प्राप्त कर जेल में परिरूद्ध आजीवन कारावास के दो बंदियों को रिहा किए जाने का आदेश प्राप्त हुआ। दो बंदियों में से एक दण्डित बंदी के जुर्माने की राशि जमा न हो पाने के कारण एक ही बंदी को जेल से रिहा किया गया है। जेल से रिहा होने वाला बंदी मिथिलेश सिंह पाव पिता भद्दू सिंह पाव आयु 38 वर्ष निवासी थाना भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर है। बंदी की रिहाई के संबंध में उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### उप मुख्यमंत्री ने सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेद्र शुक्ल ने कन्या महाविद्यालय रीवा परिसर में गोकुलदास एक्सपोर्ट द्वारा दिए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि आप सब प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। लड़कियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जरूरत इस बात की है कि उन्हें अवसर उपलब्ध कराया जाए। सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में निर्धन वर्ग की लड़कियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर लड़कियाँ अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी में रोजगार पा सकें। शुक्ल को बताया गया कि अभी तक केन्द्र से 30 प्रशिक्षण प्राप्त कर बालिकाओं को बैंगलोर में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रीवा से बैंगलोर जाना आसान हो जाएगा। आगामी 22 दिसम्बर से रीवा से इंदौर के लिए वायु सेवा प्रारंभ हो जाएगी और इंदौर से लोगों को सीधे बैंगलोर की कनेक्टिंग फ्लाइट मिल सकेगी। शुक्ल ने कहा कि इस केन्द्र के माध्यम से अधिक से अधिक लड़कियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर लेंगी तो गोकुलदास कंपनी की इकाई रीवा में स्थापित करने के प्रयास होंगे। प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षणार्थियों को आवास व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री ने जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी के कपड़े पूरे विश्व में निर्यात किए जाते हैं, जहाँ रीवा से प्रशिक्षण प्राप्त कर 30 लड़कियों को रोजगार के अवसर मिले हैं। निरीक्षण के समय जनभागीदारी समिति के विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय सहित प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

---

**भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई**

# देश के सम्मान के लिए आदिवासी समाज सबसे आगे रहा - उप मुख्यमंत्री

### डिप्टी सीएम ने कोल सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

**रीवा ।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात से वर्चुअली कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय लोग भारत की चेतना के अभिन्न हिस्से हैं। आजादी की लड़ाई में इस समाज के वीर नायकों ने महत्वपूर्ण हिस्सेदारी निभाई। इनके अपार त्याग को हमेशा-हमेशा स्मरण रखा जाएगा। रीवा जिले में कोल भवन परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश के सम्मान के लिए आदिवासी समाज हमेशा आगे रहा है। गुलामी की जंजीर में जकड़े हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भगवान बिरसा मुण्डा का अहम योगदान है। उन्हें धरती का भगवान कहा गया। वह हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। आज देश उनकी 150वीं जयंती धूमधाम से मनाकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है शुक्ल ने कहा कि हमारे महापुरूष प्रेरणास्त्रोत हैं। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान से ही हम स्वतंत्रता प्राप्त कर खुले में सांस ले पा रहे हैं। आदिवासी समाज ने शौर्य और पराक्रम का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जल, जमीन और जंगल के बिना भारत की कल्पना असंभव है। देश में यदि जंगल बचा है तो वह सिर्फ आदिवासी समाज के कारण ही बचा है। आदिवासी समाज के हमारे भाई गंगा नदी के समान पवित्र हैं। वह निश्छल हैं। उनमें वीरता के साथ धैर्यशीलता भी है। प्रधानमंत्री ने इस



समुदाय के लोगों को जमीन का पट्टा देने तथा पक्के मकान बनाने का जो संकल्प लिया है उसे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में पूरा किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज रीवा में कोल समाज के लिए कोल सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण हो रहा है जो इस समाज के लिए समर्पित है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने कहा कि गुरूओं व बड़ों के आशीर्वाद से ही व्यक्ति आगे बढ़ता है। कोल सामुदायिक भवन की जो सौगात उप मुख्यमंत्री द्वारा मिली है उसे समाज के लोग हमेशा याद रखेंगे तथा उनके ऋणी रहेंगे। विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि आदिवासी संस्कृति ही भारतीय संस्कृति की मूल पहचान है। आदिवासी समाज जल, जंगल व जमीन के लिए ही जीता है। इस अवसर पर विधायक व्यौहारी शरद कोल ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरूष को याद कर रहे हैं जिन्होंने बिना संसाधन के अपनी अस्मिता की पहचान को बनाए रखने का कार्य किया तथा भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि कोल समाज अपनी संस्कृति व इतिहास को बचाए हुए है। शासन के सहयोग से समाज के लोगों के विकास के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने 93.49 लाख रुपए से निर्मित कोल सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने जनजातीय देवी-देवताओं का पूजन कर जनजातीय धर्मगुरूओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में आदिवासी लोकनृत्य एवं अन्य आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ हुईं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में गौरव रथयात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर ग्राम उत्कर्ष योजना से निर्मित आवासों के गृह प्रवेश के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह द्वारा किया गया।

## केंद्रीय जेल में मनाया गया राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस



**रीवा।** केंद्रीय जेल में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बंदियों और स्टाफ को जनजातीय गौरव दिवस के महत्व से अवगत कराया और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष और देश के लिए उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने उत्साहपूर्वक लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक और वाद्य यंत्रों के माध्यम से सैला और गेंड़ी नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं। भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जेल में परिरूद्ध पात्र दण्डित बंदियों को 5 दिवस विशेष परिहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र परमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाहा तथा पूजा सिंह सहित जेल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा बंदी उपस्थित रहे।



## कन्या महाविद्यालय में आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा जयंती समारोह में शामिल हुए श्री शुक्ल



### महापुरूषों के स्मरण से मन में देशप्रेम की भावना जागृत होती है - उप मुख्यमंत्री

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि महापुरूषों के स्मरण से मन में देशप्रेम की भावना जागृत होती है। महापुरूषों की जयंती मनाने का उद्देश्य है कि उनके जीवन चरित्र का आत्मावलोकन किया जाए। श्री शुक्ल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा जयंती समारोह में शामिल हुए,उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सबका सिर गर्व से ऊंचा करने वाला दिन है क्योंकि आज वीर नायक भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। भगवान बिरसा मुण्डा ने अपने जीवनकाल के मात्र 25 वर्षों में आजादी की लड़ाई में जो अहम भूमिका निभाई थी, जिसके फलस्वरूप हम सब आज खुले में सांस ले रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों ने देश को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भगवान बिरसा मुण्डा एवं स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरूषों के आदर्श जीवन को आत्मसात करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर ही



देश को विश्वगुरू बनाया जा सकता है। उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान किया कि महापुरूषों के आदर्श जीवन के संस्कार अपने जीवन में उतारें और अपने साथ अपने परिवार व समाज के लिए परोपकार के कार्य करें। उप मुख्यमंत्री ने युवाओं से समाज में व्याप्त विकृतियों, नशे तथा मानवीय अवगुणों के विरूद्ध लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने विकसित रीवा के साथ क्लीन रीवा व ग्रीन रीवा बनाने में सहभागी बनने का आह्वान भी किया। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन प्राचार्य विभा श्रीवास्तव ने दिया। उप मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन चरित्र पर आधारित निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष गौसंवर्धन बोर्ड राजेश पाण्डेय , महाविद्यालय के कार्यालय प्रभारी पुनीत मिश्रा सहित प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सरोज गोस्वामी ने किया।

---

## एनडीए की जीत विकास, सुशासन और जनता के विश्वास का परिणाम : गौरव तिवारी



**बिहार का जनादेश एनडीए की विश्वसनीयता का प्रमाण और इसका असर पश्चिम बंगाल के चुनावों पर भी दिखेगा**

**रीवा ।** बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत के बाद बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी और नीतीश का देश में डंका बज रहा है। यह जनादेश विकास की राजनीति के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है। अब बिहार विकास की मुख्य धारा से जुड़कर एक अग्रणी प्रदेश के रूप में उभरेगा। गौरव तिवारी ने कहा कि एनडीए सरकार राज्य में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार, यह परिणाम राज्य में स्थिर और विकासोन्मुख नेतृत्व की स्वीकृति को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने महागठबंधन को खारिज करते हुए एनडीए को बहुमत देकर बिहार के विकास की नई दिशा तय करने का जनादेश दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी पर भरोसा जताया है।

## विश्वविद्यालय में कर्मचारी संघ अध्यक्ष के बर्ताव से कुलपति नाराज, नोटिस

**रीवा ।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में कर्मचारी संगठन एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निशाने पर है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने नोटिस जारी कर गत दिवस अध्यक्ष द्वारा किए गए बर्ताव पर कारण स्पष्ट करने के लिए कहा है। चेतावनी दी है कि सही जवाब नहीं आने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय के लोक सूचना प्रकोष्ठ में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन बुद्धसेन पटेल को नोटिस दिया है। सात नवंबर को कर्मचारी संघ शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। इसमें कर्मचारी संघ अध्यक्ष बुद्धसेन पटेल ने कुलपति पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे, जिनसे बुद्धसेन ने गुहार भी लगाई कि विश्वविद्यालय को बचाइए, यहां भय और आतंक का माहौल है। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने यह माना है कि कुलपति को टारगेट में लेकर यह किया जा रहा है। कुलसचिव के नोटिस में कहा गया है कि संस्था प्रमुख होने के नाते कुलपति की निजी प्रतिष्ठा और विश्वविद्यालय की साख व छवि को चोट पहुंचाने का कार्य किया गया है। इस मामले में तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि कुलपति पर यह आरोप लगाया था कि वह कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाकर कार्य करा रहे हैं. का मिलते भी नहीं है। जिसे कुलपति ने आधारहीन बताया है और कार्रवाई निर्देश दिया है, जिसके बाद यह नोटिस जारी किया गया है।

### पहले भी अभद्रता करने का लग चुका आरोप

बुद्धसेन पटेल पर यह भी आरोप लगाया गया है कि वे पहले भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते रहे हैं। पूर्व कुलपति पीयूष रंजन पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर कर्मचारी संगठन की ओर से दवाब बनाया था, जिसके चलते उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद प्रभारी कुलसचिव रहे लालसाहब के सेवानिवृति के समय पर बुद्धसेन ने कर्मचारियों के साथ मिलकर जूतों की माला पहनाई थी।

### 35 लाख के खाद्यान्न घोटाले का आरोपी सेल्समैन गिरफ्तार

**रीवा ।** गरीबों को वितरण के लिए आवंटित खाद्यान्न को खुर्दबुर्द करने के मामले में फरार सेल्समैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। सिरमौर थाने के सदहना समिति में गरीबों को वितरण खाद्यान्न का आवंटन किया गया था। सेल्समैन देवेश मिश्रा उर्फ पिंटू निवासी सदहना द्वारा वितरण के हेतु बजाय खुर्दवर्द कर दिया। इस आशय की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी जिस पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने जांच की। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आया और करीब 35 लाख रुपए का खाद्यान्न गायब मिला। उन्होंने जांच प्रतिवेदन थाने को सौंपा जिसके आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपी पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था। आरोपी चोरीछिपे गांव आया हुआ था जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। आरोपी से फर्जीवाड़े के संबंध में पुलिस ने पूछताछ की। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जिस पर न्यायालय ने जेल भेज दिया। जांच में जिसके नाम सामने आयेगे उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

# मऊगंज जिले में आयोजित हुआ गौरव दिवस समारोह

### भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई गई

**मऊगंज।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप मनाई गई। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता आंदोलन और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को स्मरण करने तथा जनजातीय क्षेत्रों को सामाजिक और आर्थिक विकास को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से गौरव दिवस का आयोजन जिले भर में हर्षोल्लास के साथ किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने कहा कि राष्ट्र की संस्कृति को बचाने का कार्य आदिवासी समाज द्वारा किया जा रहा है। यह समाज भारतीय संस्कृति का पालन करता है और प्रकृति से प्रदत्त वस्तुओं से अपने जीवन का निर्वाह करता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने आजादी की लड़ाई में अपना अहम योगदान दिया और 25 वर्ष की अल्पायु में ही शहीद होकर अमर हो गए। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए देश के लिए किए गए उनके बलिदान का स्मरण किया। गौतम ने कहा कि आदिवासी समाज अपने बेटे-बेटियों को शिक्षित करने के लिए जागरूक हों। सरकार द्वारा समाज के उत्थान के लिए कई कार्य व योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इस अवसर पर विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा जनजातीय गौरव के साथ ही हमारे देश के गौरव हैं। उनका आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान है। 25 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए जो लड़ाई लड़ी वह चिरकाल तक स्मरणीय रहेगी। श्री पटेल ने कहा कि आदिवासी समाज का पहले किसी ने स्मरण नहीं किया। हमारी सरकार ने इस समाज को वह स्थान दिया जिसके यह वास्तव में हकदार हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समाज की उन्नति के लिए अनेक कार्यक्रम व योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ लेकर समाज के लोग मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। पटेल ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के नाम पर देश में विभिन्न संस्थानों की स्थापना की गई है। इसके साथ ही अन्य आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई गई है। मऊगंज जिले में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि के साथ औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने देश की एकता और अखण्डता के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा किए गए कार्य की भी चर्चा की। कार्यक्रम में गौरी निवासी संतोष पटेल ने एक एकड़ जमीन बिरसा मुण्डा ट्रस्ट बनाने के लिए दान की। इस अवसर पर जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा लोकनृत्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के लाइव प्रसारण को सुना गया। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने अतिथियों को स्वागत किया। कार्यक्रम में हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। लाड़ली प्रमाण पत्र सहित अन्य हितलाभों का वितरण कार्यक्रम में हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया, उर्मिला सिंह, जिला संयोजक नीलकंठ सिंह मरकाम सहित जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र - कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही। प्रदर्शनी में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उद्यानिकी, पशुपालन, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य विभागों ने अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों व योजनाओं के स्टाल लगाए।